हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 2 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

10 स्कूलों में अवधपुरी के राम के 12 चैप्टर, कॉलेज के विद्यार्थी ...



11 छग को सोलर से भी मिल रहा 800 मेगावाट...





## खबर संक्षेप

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**अंडा।** अंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जंजगिरी में एक युवक ने रविवार रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों के उठने पर उन्हें इसका पता चला और तत्काल पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक का नाम लिलेश्वर साहू पिता सुखदेव साहू 27 वर्ष था। मृतक ने रविवार की रात्रि को अपने पुराने घर में जाकर रस्सी के सहारे फांसी लगाई है। सोमवार को सुबह जब उसकी मां ने रूम अंदर जाकर देखा तो मृतक वहां नहीं मिला। इसके बाद पुराने घर में जाकर देखा तो वह फांसी पर लटका हुआ था। मौके पर पहुंची अंडा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है, वहीं पीएम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया है।

### कर्मा जयंती 5 को

**बालोद/सिकोसा।** भाठागांव बी में 5 अप्रैल को भक्त माता कर्मा जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में लोक प्रयाग राजिम का कार्यक्रम होगा।

### चिचबोड़ में 5 को मां कर्मा जयंती

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम चिचबोड़ में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी साहू समाज द्वारा भक्त कर्मा माता जयंती समारोह 5 अप्रैल शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। सुबह 10:30 बजे से कलश एवं शोभा यात्रा, दोपहर 12 बजे से हवन-पूजन, शाम 5 बजे से अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन कार्यक्रम होगा। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद सदस्य एवं अध्यक्ष ग्राम साहू संघ तेजराम साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति चिचबोड ढालसिंह साहू, सरपंच, ग्राम पंचायत चिचबोड हीराधर मेश्राम, पूर्व सरपंच लालजी साहू, पूर्व अध्यक्ष ग्राम साहू संघ तुलसीराम साहू उपस्थित रहेंगे। वहीं रात्रि 8 बजे से विविध कार्यक्रम रखा गया है, उक्त जानकारी श्याम लाल देवांगन ने दी।

### फागुनदाह में बिजली की समस्या गहराई

**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह में गर्मी के बीच आए दिन बिजली गुल होने के कारण ग्रामीण परेशान नजर आ रहे हैं। गांव में घंटों देर तक बिजली गुल रहने के कारण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल रहता है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि, शिकायत करने के बाद भी समस्या दूर नहीं हो रही है।

### वेल्डिंग दुकान में चोरी

**भिलाई।** गोपाल फेब्रिकेशन में वेल्डिंग का कार्य होता है। जिसके संचालक अभय प्रसाद जोन-3 खुर्सीपार निवासी है। अपने दुकान को बंद कर शाम को यूपी गोरखपुर अपने गांव चले गए थे। वापस खुर्सीपार निवास लौटने के बाद दुकान पहुंचे। जहां अज्ञात चोर ने वेल्डिंग दुकान का सीमेंट सीट को तोड़कर लोहे के एंगल पट्टी को तोड़कर फरार हो गए।

# तेज धूप व गर्मी से लोग हलाकान, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की गाइडलाइन

हरिभूमिन्यूज ▶▶| बालोद


जिले में तपती धूप से लोगों का हाल बेहाल है। पैदल, साइकिल या बाइक से सफर करने वाले लोग दोपहर के समय सफर करने से बचते नजर आ रहे हैं, तो वहीं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भी चिलमिलाती धूप और भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल संचालन के समय को बदलकर सुबह कर दिया है।

इसी तरह अब स्वास्थ्य विभाग ने भी बढ़ती गर्मी को देखते हुए आमजनता के लिए लू से बचने चार अलग-अलग बिंदुओं पर अपील की है। एक अप्रैल को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा धूप से बचने गाइडलाईन जारी किए हैं।

## सीएमएचओ ने कहा- जहां तक हो सके तेज धूप से बचने का प्रयास करें

### लू लगने के लक्षण

जारी गाइडलाइंस में कहा गया है कि जिले में ग्रीष्म ऋतु में तापमान में वृद्धि होने के कारण लू की संभावना अधिक होती है। लू का लक्षण सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख न लगना व बेहोश होना।



### लू से बचाव के उपाय

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी अपील में कहा गया है कि लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतः नमक की कमी हो जाना होता है। अतः इससे बचाव के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत आवश्यक है। आवश्यक काम हो तो ही घर से बाहर जाएं, धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्र में पीएं, अधिक समय तक धूप में न रहें। गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती के कपड़े पहनने चाहिए, ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहें। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पीएं। चक्कर आने या मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श लें। इसके साथ ही उल्टी, सिर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र में जरूरी सलाह लेने को कहा गया है।

**लू लगने पर करें प्रारंभिक उपचार :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी अपील के माध्यम से कहा गया है कि बुखार पीड़ित व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाएं। अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलाएं, जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि। पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटा दें। शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें। पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीक चिकित्सक या अस्पताल में इलाज के लिए ले जाएं। मितानीन, एएनएम से ओआरएस के पैकेट लें और पिलाएं। लू संबंधित किसी भी प्रकार के सूचना व जानकारी के लिए जिला सर्वेलेंस इकाई बालोद एवं टोल फ्री नंबर 104 पर संपर्क किया जा सकता है।

अपराध : कंपनी प्रबंधन की रिपोर्ट पर गुंडरदेही थाना पुलिस ने की कार्रवाई

# 68 महिलाओं व कंपनी से 13 लाख की धोखाधड़ी, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महिला समूह के 68 हितग्राहियों व कंपनी से 12,96,137 रूपये की धोखाधड़ी के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा हितग्राहियों के बायोमैट्रिक थंब लगाकर धोखाधड़ी को अंजाम देते थे। 24 घंटे के अंदर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

थाना गुण्डरदेही के धारा 409, 420, 34 भादवि के आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। मामले में प्रार्थी शाखा प्रबंधक भारत फाईनेंशियल ईनक्लुजन लिमिटेड शाखा गुण्डरदेही चन्द्रमणी सोनी पिता निलांबर सोनी 30 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि भारत फाइनेंस इंक्लूजन लिमिटेड शाखा गुण्डरदेही में कार्यरत संगम मैनेजर, फील्ड मैनेजर रोशन क्षीरसागर एवं महेश कुमार धुर्वे द्वारा 29 अक्टूबर 2022 से 09 अगस्त 2023 के मध्य कंपनी के हितग्राही सदस्यों से बायो मैट्रिक में अंगूठा लगवाकर बिना जानकारी से लोन पास कराकर आधार नंबर को डालकर हितग्राहियों के लोन की रकम को अपने खाते में ट्रंजेक्शन कर निकाल लिया। वहीं, जब हितग्राहियों द्वारा लोन की रकम जमा करने दी जाती थी, उसे भी अपने पास रख लेता और कम्पनी में जमा नहीं करता था। इस तरह हितग्राहियों एवं कम्पनी के साथ कुल 12,96,137 रूपये को गबन कर धोखाधड़ी की है।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर 30 मार्च को थाना गुण्डरदेही में धारा 409, 420, 34 दर्ज कर कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान सूचना मिली कि आरोपी रोशन क्षीरसागर अपने किराये के निवास स्थान बालोद तथा महेश धुरवे अपने निवास स्थान ग्राम पिरचा पहाड़ थाना गातापार में छुपा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों रोशन क्षीरसागर और महेश धुर्वे को थाना गुण्डरदेही लेकर पहुंची। थाने में पूछताछ करने पर रोशन क्षीरसागर ने बताया के 29 अक्टूबर 2022 से 09 अगस्त 2023 के मध्य महिला समूह के हितग्राही सदस्यों से बायो मैट्रिक में अंगूठा लगवाकर बिना जानकारी से लोन पास कराकर आधार नम्बर को डालकर हितग्राहियों के लोन रकम 6,11,450 रूपये को अपने खाते में ट्रांजेक्शन किया हूं।



रिमांड पर भेजे गए आरोपी

आरोपी महेश धुर्वे ने पुलिस पड़ताल में 29 अक्टूबर 2022 से 09 अगस्त 2023 के मध्य महिला समूह के हितग्राही सदस्यों से बायो मैट्रिक में अंगूठा लगवाकर बिना जानकारी से लोन पास कराकर आधार नम्बर को डालकर हितग्राहियों के लोन की रकम तथा प्रार्थियों द्वारा जमा करने दी गई किस्त की कुल रकम 6,84,687 रूपये को गबन कर धोखाधड़ी करना स्वीकार किया। प्रकरण में संकलित साक्ष्य व आरोपी सदर द्वारा महिला समूह तथा कंपनी का कुल रकम 12,96,137 रूपये को गबन कर धोखाधड़ी करना स्वीकार करने पर 31 मार्च 2024 को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# महिला ने लगाया मारपीट का आरोप, पति, सास-ससुर व जेठ-जेठानी पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मड़ई घूमने जाने की बात पर पति, सास, ससुर और जेठ तथा जेठानी ने मिलकर महिला की बेदम पिटाई कर दी। महिला की स्थिति को देखते हुए उसे राजनांदगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है।

■ मंगचुवा थाना क्षेत्र के ग्राम रेंगाडबरी की घटना



घटना मंगचुवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रेंगाडबरी की है, जहां तोरण बाई नवरंगे का विवाह राजकुमार नवरंगे के साथ वर्ष 2021 में सामाजिक रीति रिवाज से हुआ था। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि विवाह के कुछ दिन बाद से ही छोटी–छोटी बातों को लेकर पति व सास एवं जेठ-जेठानी लगातार झगड़ा-लड़ाई कर मारपीट करते थे। शादी के बाद से मायके जाने को लेकर पति व ससुराल वाले गाली गलौज कर मारपीट करते थे, तब उसकी जानकारी अपने घर वालों को देती थी। 2 जनवरी को भी महिला के भाई ने गांव में मड़ई है कहकर फोन किया था। तब उसी दिन रात्रि को महिला अपने पति से अपने गांव की मड़ई जाने की बात कही, तब पति ने पैसा नहीं हैं, मड़ई नहीं जाना है कहा और पति राजकुमार एवं सास जगेश्वरी, जेठ राजेश, जेठानी किरण बाई ने गालीगलौज करते हुए हाथ मुक्के से मारपीट की। महिला ने आरोप लगाया कि जेठानी किरण और जेठ राजेश ने सिर के बाल को पकड़कर खींचते हुए मारपीट की, जिससे सिर से खून निकल रहा था। जनवरी माह में हुई मारपीट की घटना को लेकर महिला ने हालही में मंगचुवा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला की शिकायत पर पुलिस पति, सास-ससुर तथा जेठ-जेठानी के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# जुआ खेलते 7 पकड़ाए, फड़ से 22500 रुपए नकद बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अर्जुन्दा थाना पुलिस ने आम जगह पर जुआ खेलते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई कर उनके कब्जे से 52 पत्ती ताश, नगदी रकम 22,500 रूपए बरामद किया है। इसके साथ ही घटनास्थल के पास से 3 मोटर सायकल भी जब्त की गई है। मामले में गिरफ्तार सभी आरोपी युवा हैं, जिनमें 6 की उम्र 20 से 30 साल के बीच है। इससे यह पता चलता है कि युवा पीढ़ी सृजनात्मक कार्यों को छोड़ असामाजिक कृत्यों की ओर अधिक प्रवृत्त हो रहे हैं। पुलिस के अनुसार मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम सलोनी बरगद पेड़ के पास तांदुला नदी के किनारे पर कुछ लोग रूपये पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना अर्जुन्दा पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर घेराबंदी कर छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई में कुल 7 आरोपी पकड़े गए, जिनके कब्जे से 52 पत्ती ताश, नकदी रकम 22,500 रूपये व घटनास्थल के पास से 3 नग मोटर सायकल जब्त की गई। पकड़े गए आरोपियों में कोटिया थाना पदनाभपुर जिला दुर्ग निवासी सनत साहू 23 वर्श, कोटिया थाना पदनाभपुर जिला दुर्ग शत्रुघन मिरचे 23 वर्ष, बुच्ची भरदा चौंकी सुरगी जिला राजनांदगांव निवासी कुशल साहू 28 वर्ष, बुच्ची भरदा चौंकी सुरगी जिला राजनांदगांव निवासी पंकज साहू 23वर्ष, ग्राम सलोनी थाना अर्जुन्दा जिला बालोद निवासी धनेश्वर निषाद 21 वर्ष, वार्ड नंबर 14 गुण्डरदेही थाना गुण्डरदेही जिला बालोद मोहम्मद अकरम 29 वर्ष, चंदखुरी थाना पुलगांव जिला दुर्ग निवासी भुपेश साहू 41 वर्ष सम्मिलित हैं।

■ मुखबिर की सूचना पर अर्जुंदा थाना पुलिस ने की कार्रवाई

## तांदुला के पानी में बहा वैकल्पिक पुल



**बालोद।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम सिवनी में स्थित तांदुला नहर का वैकल्पिक पुल पानी के तेज बहाव में बह गया है। इसके कारण राहगीरों को सिवनी या कलेक्टर परिसर जाने के लिए लम्बी दूरी तय करना पड़ रहा है। ग्राम सिवनी में स्थित तांदुला नहर पर बने वर्षो पुराने पुल को जर्जर होने के पश्चात तोड़कर नया बनाया जा रहा है, जिसका कार्य वर्तमान में चल रहा है। वहीं राहगीरों के आवाजाही के लिए मुरुम डालकर वैकल्पिक सड़क की व्यवस्था की गईं थी, लेकिन सोमवार सुबह जल संसाधन विभाग द्वारा निस्तारी के तहत ग्रामीण अंचलों के तालाबों को भरने के लिए तांदुला जलाशय के माध्यम से पानी छोड़ा गया था। जिसके बाद वैकल्पिक अस्थाई पुल पानी के बहाव में बह गया। जिसके बाद ठेकेदार द्वारा राहगीरों को सूचित करने के लिए आवागमन बाधित का बोर्ड लगाया गया और राहगीरों को आने-जाने से तत्काल रोक कर दूसरे रास्ते से भेजा गया, जिसके कारण अधिकांश राहगीरों को आने-जाने के लिए कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ है।

# देशी-अंग्रेजी शराब महंगी, पौवा में 10 व बोतल में 40 रुपए की बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एक अप्रैल से शराब के दाम में वृद्धि हो गई है। देशी और विदेशी शराब खरीदने शराब प्रेमियों को 10 रुपये से 200 रुपये तक अतिरिक्त देना होगा। एक अप्रैल से नई आबकारी नीति लागू हुई है। शराब के दाम में वृद्धि होने की संभावना को लेकर लगातार हो रही चर्चाओं की खबर को हरिभूमि ने प्रकाशित की थी।

■ 1 मई से अहाता संचालित होने की संभावना



नए वित्तीय वर्ष में शराब की कीमत बढ़ने को लेकर चर्चा जोरों पर

नई आबकारी नीति आज से, शराब की कीमतों को लेकर असमंजस

वहीं, एक अप्रैल से देशी शराब पौवा की कीमत 80 रुपये से बढ़कर 90 रुपये हो गई, जबकि बोतल का रेट 320 रुपये से बढ़कर 360 रुपये हो गया है। देशी तथा विदेशी शराब दुकानों के आसपास अहाता संचालित होना है, जिसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। संभवतः 1 मई से अहाता पद्धति फिर से शुरू हो जाएगी।

अहाता संचालन करने का मुख्य उद्देश्य शराब प्रेमी कहीं पर भी सार्वजनिक जगह पर शराब पीते हैं, वहीं इससे जुड़े कदाचार के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं, ऐसे में पूर्व की तरह अहाता संचालित किया जा सकता है। इससे जगह-जगह फैलने वाले प्लास्टिक कचरे से मुक्ति मिलेगी, वहीं शराब दुकान के आस पास गली मोहल्लों में चलने वाले चखना सेंटरों पर अंकुश लगेगा। इससे अपराध में भी कमी आने की उम्मीद है। पूर्व में जिले में चलने वाले अवैध चखना सेंटरों में शराब पीने के बाद हुए विवाद में कम से 4 लोगों की हत्या हो चुकी है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर में शासन द्वारा संचालित सेवाओं का लिया जायजा

# पीएचसी कुरदी पहुंची राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक की टीम, देखी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा





स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक टीम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुरदी में संचालित स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। एनक्यूएएस की टीम में आंध्रप्रदेश से मनोज कुमार एवं मध्यप्रदेश से डॉ.ज्योति सिमलोट ने स्वास्थ्य संस्थाओं में संचालित 12 प्रकार की सेवाओं प्रसव पूर्व देखभाल एवं प्रसव सेवाएं, नवजात शिशु देखभाल एवं टीकाकरण, बाल्या एवं किशोरी जांच सुविधाएं, परिवार नियोजन एवं प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाएं एवं संचारी रोग प्रबन्धन, गैर संचारी रोग स्क्रीनिग एवं प्रबंधन, सामान्य रोगों के लिए बाह्य रोग जांच, आंख, कान, नाक, गला सामान्य देखभाल सेवाएं, मुख स्वास्थ देखभाल सेवाएं, वयोवृद्ध देखभाल सेवाएं, मानसिक रोग देखभाल सेवाएं, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एनक्यूएएस की टीम ने सभी विभाग के रजिस्टर संधारण की जांच की, लेबर रूम एवं हॉस्पिटल की स्वच्छता, पेयजल की व्यवस्था, हर्बल गार्डन, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, हॉस्पिटल स्टाफ की उपस्थिति, दवाईयो की उपलब्धता, खून जांच की सुविधा, एवं अस्पताल में उपलब्ध सभी सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। सभी कर्मचरियों के रिकॉर्ड को जांच की गई। उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए एनक्यूएएस टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुरदी की प्रशंसा की।

### जांच के दौरान ये रहे उपस्थित

एनक्यूएएस टीम ने लेबर रूम, लैब जांच कक्ष, दवाई वितरण कक्ष, नेत्र जांच कक्ष की सुसज्जित व्यवस्था की सराहना की। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ महेश कुमार सूर्यवंशी, बीएमओ डॉ सत्येन्द्र मार्कण्डेय, जिला बालोद की टीम डॉ. कल्याण सिंह, डॉ संदीप मेश्राम डॉ रवि, सैलेंद्री नेताम, देवदास सिस्टर, गौतम वर्मा, संतोष एडिल, अमर वर्मा एवं हॉस्पिटल स्टाफ आर एम ए आरआर नेताम, सहायक अधिकारी नेत्र एमडी हिरवानी, फार्मेसिस्ट सुभाष साहू, लैब टेक्नशियन संदीप साहू, ड्रेसर डीआर ठाकुर, टोमेश साहू, एएनएम शारदा देवांगन, स्टाफ नर्स मोनिका साहू, सरपंच संजय साहू, एमएल साहू, अंजनी सिंगेवार, सुपरवाइजर एम रात्रे, मीना ठाकुर, कविता साहू, नंदनी लहरे, अरिहंत साहू, ढलेश्वर कोर्राम, चंद्रप्रकाश साहू, भूपेंद्र पटेल, रघुवीर चंद्राकर, ईश्वरी साहू, किरण साहू, थानू राम ठाकुर, योगिता यादव, कविता साहू, एनू राम ठाकुर सभी मितानिन एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## पांच जुआरी गिरफ्तार, सात हजार जब्त



**भिलाई।** जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। छावनी प्रभारी चेतन चंद्राकर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दिवाकर ठेला के पीछे प्रगति नगर कैम्प 1 में दबिश दिया गया। जहां पर जलेबी चौक कैम्प 1 निवासी आकाश बारी, जलेबी चौक भाई दुकान के पास कैम्प 1 कृष्णा सेन, विकास कुमार, सिद्धमून पाण्डेय, गरबेल सिंह को पकड़ा गया। जुआरियों के पास से पुलिस ने ताश पत्ती और नगदी 6 हजार रुपए बरामद किया है।

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# स्कूलों में अवधपुरी के राम के 12 चैप्टर, कॉलेज के विद्यार्थी पढ़ रहे सुंदरकांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अलग खबर

यूं तो राम भारतीय जन मानस के कण-कण में है, लेकिन बात जब शिक्षा और संविधान की हो तो वहां भी उनकी उपस्थिति यह बताती है कि उनके बिना तो कुछ संभव ही नहीं। भारत के संविधान की मूल प्रति में मौलिक अधिकारों से जुड़े अध्याय के आरंभ में एक स्केच है। यह स्केच मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, माता सीता और भाई लक्ष्मण का है। यही नहीं स्कूली शिक्षा में स्कूली शिक्षा की बात करें तो कक्षा 6वीं की बुक में रामकथा का चेप्टर है तो स्नातक स्तर पर बीए प्रथम वर्ष में रामचरित मानस और पीजी कक्षाओं में सुंदरकाड के साथ रामचरित मानस पढ़ाया जा रहा है। इसके साथ ही हाल ही में तय किया गया है कि भारत के महाकाव्य रामायण और महाभारत एनसीईआरटी के सिलेबस में शामिल होंगे, इन्हें स्कूल के इतिहास के सिलेबस में भारत के क्लासिकल पीरियड की कैटेगरी में रखा जा सकता है। विगत 22 जनवरी माह को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा हो चुके है। जिसको लेकर पूरा देश अब राममय हो गया है। हर तरफ राम ही राम है। स्कूल से लेकर कॉलेजों तक में भी श्रीराम पर सिलेबस और चैप्टर है। भक्ति आंदोलन के चेप्टर में भगवान राम का उल्लेख है। भगवान राम पर केंद्रित भक्ति आंदोलन के नेता रामानंद थे। वह 14वीं शताब्दी के वैष्णव कवि थे, जिन्होंने रामनंदी सम्प्रदाय की स्थापना की थी। उन्होंने सिखाया कि भगवान राम सर्वोच्च भगवान है।

## संविधान से लेकर स्कूल-कॉलेजों के सिलेबस में भी 'श्रीराम'

### श्रीराम का व्यक्तित्व संवैधानिक मूल्यों के समरूप

भगवान राम का हमारे संविधान से भी खास कनेक्शन है। संवैधानिक मामलों के जानकारों मुताबिक संविधान की मूल प्रति में राम की तस्वीर और उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। भारत के संविधान की मूल प्रति में मौलिक अधिकारों से जुड़े अध्याय के आरंभ में एक स्केच है। यह स्केच मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, माता सीता और भाई लक्ष्मण का है।

### कॉलेजों में पढ़ा रहे रामचरित मानस के 7 कांड

उच्च शिक्षा में स्नातक और स्नातक स्तर पर भी श्रीराम के बारे में सिलेबस है। बीए




प्रथम वर्ष में प्राचीन हिंदी साहित्य में राम के कई प्रसंग पढ़ाए जा रहे हैं। इसमें गोस्वामी तुलसीदास की श्रीराम चरितमानस, सुंदरकांड के साथ उत्तरकांड कवितावली पढ़ाई जा रही है। प्राचीन मध्यकालीन भारत में रामचरितमानस के 7 कांड पढ़ाए जा रहे हैं। इसमें उत्तर कांड और सुंदर कांड का खास तौर पर सिलेबस है।

### छठवीं में बाल रामकथा सातवीं में काव्य माधुरी

स्कूलों में भगवान श्रीराम का चरित्र विभिन्न कक्षाओं में क्रमवार पढ़ाया जा रहा है। कक्षा छठवीं में बाल रामकथा पढ़ाई जा रही है। इसमें कुल 12 चैप्टर है। इसमें अवधपुरी में राम, जंगल और जनकपुर, दो वरदान, राम का वन-गमन, चित्रकूट में भरत, दंडक वन में दस वर्ष, सोने का हिरण, सीता की खोज, राम और सुग्रीव, लंका में हनुमान, लंका विजय और राम का राज्याभिषेक शामिल है। इसके साथ ही सातवीं में हिंदी पाठ के सोलहवें अध्याय में काव्य माधुरी में रामायण के प्रसंगों का उल्लेख है।

## खबर संक्षेप



### महिला प्रकोष्ठ ने धूमधाम से मनाई रंग पंचमी

दुर्ग। जिला निषाद समाज नंदकठ्ठी परिक्षेत्र में शनिवार को ग्राम नंदकठ्ठी के निषाद समाज की महिलाओं एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा होली मिलन कार्यक्रम निषाद भवन नंदकठ्ठी में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, विशिष्ट अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एम आर निषाद एवं प्रदेश निषाद समाज संगठन के सह सचिव गिरधर निषाद, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विरेन्द्र निषाद, अंकेक्षक मलेश निषाद , सरपंच, जनपद, जिला पंचायत, सांसद प्रतिनिधी होली मिलन समारोह में शामिल हुए। मुख्य अतिथि विधायक कोर्सेवाड़ा ने नंदकठ्ठी परिक्षेत्र महिला प्रकोष्ठ की महिलाओं के लिए पांच सिलाई मशीन देने की बात कही एवं पंद्रह लाख स्वीकृत क्षेत्रीय निषाद भवन निर्माण की स्वीकृति दी। एम आर निषाद ने प्रदेश संगठन जिला संगठन को समाज में मजबूती से काम करने की बात कही। कार्यक्रम में टोपराम निषाद, श्रीमती संतोषी निषाद, महावीर निषाद, वरुण निषाद, खुमान निषाद, भीम सिंह निषाद आदि मौजूद रहे।

समस्या : विधानसभा चुनाव के बाद से वही स्थिति, बैठक नहीं

# विधानसभा के बाद लोकसभा के चलते नियमितीकरण के सैकड़ों प्रकरण पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छग अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण में पिछले छः माह से कलेक्टर की अध्यक्षता वाले समिति की बैठक आहुत नहीं किए जाने के चलते करीब ढाई हजार से अधिक प्रकरण पेंडिंग है। यही नहीं बड़ी संख्या में नगरी निकायों और अनुविभागीय अधिकारियों के पास प्रकरण पेंडिंग है। नगरी निकायों के अफसरो के द्वारा गंभीरता नहीं दिखाई जाने के कारण करीब ढाई हजार प्रकरण भी निकायों में ही अटके हुए हैं। पहले विधानसभा चुनाव के चलते कलेक्टर की अध्यक्षता वाली अनुमोदन समिति की बैठक नहीं हो पाई वहीं अब लोकसभा चुनाव के चलते फरियादियों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

मिली जानकारी अनुसार राज्य शासन द्वारा अनाधिकृत निर्माण को नियमितिकरण किए जाने के लिए योजना लांच की गई है। बहरहाल इस वित्तिय वर्ष समाप्त हो गए है। वर्तमान में लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लगा हुआ है। जिसके चलते सैकड़ो प्रकरणों की सुनवाई संभव नहीं हो पाएगी।

ऐसे में हजारों प्रकरण पहले ही विधानसभा चुनाव के कारण पेडिंग है, बही अगर समय पर पर बैठक नहीं बुलाई गई तो लोकसभा चुनाव के चलते एक बार फिर फरियादियों को प्रशासनिक गलियारों में ही धूक की घुट पीकर लौटनी पड़ जाएगी।

बहरहाल 2510 प्रकरण इसलिए आगे नहीं बढ़ रहे है, क्योंकि विगत सितंबर माह में बैठक होने के बाद दुबारा बैठक आयोजित नहीं की गई है। उल्लेखनीय हैं कि, नियमितिकरण के लिए जिला स्तर पर कमेटी बनाई गई है। जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर है।

### चुनाव के चक्कर में नियमितीकरण के सैकड़ों प्रकरण रह गए पेंडिंग

**खास बातें**

- हर माह होनी थी बैठक, सितंबर के बाद से बैठक नहीं
- नियमितीकरण को लेकर निकायों के अफसर भी बरत रहे लापरवाही
- फरियादियों को आचार संहिता लगने का दे रहे हवाला



### 2430 प्रकरण निकायों से नहीं मिले

जानकारी अनुसार नगरनिगम दुर्ग, भिलाई, रिसाली, चरोदा और नगर पालिका परिषद अमलेश्वर, नगर पंचायत पाटन, नगर पालिका परिषद कुम्हारी और तीनों अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, धमधा और पाटन में 11700 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इसमें 9070 प्रकरण टाउन प्लानिंग विभाग को अनुमोदन के लिए मिले है। वही कारीब 2430 प्रकरण निकायों से प्राप्त नहीं हुए हैं। करीब 5623 प्रकरण निराकृत हो चुके हैं। वही आगामी बैठक के लिए 2510 प्रकरण पेडिंग है।

### चालीस करोड़ रुपए अधिरोपित

अनाधिकृत विकास के नियमितिरण के लिए इस वित्तिय वर्ष नगरनिगमों द्वारा कई बार शिविर का आयोजन भी किया गया। लेकिन लोग अंतिम वित्तिय वर्ष में भी रुचि दिखाए है। जानकारी अनुसार निकायो द्वारा चालीस करोड 18 लाख 58 हजार 703 रुपए विभिन्न प्रकरणों में राशि अधिरोपित किए गए है। जिसमें से विभाग को साढे पांच हजार से अधिक प्रकरणों के जरिए 27 करोड 7695306 रुपए प्राप्त हुए है। बकाया राशि की वसूली करने में अफसरों के पसीने छूट रहे है।

### योजना को लेकर संशय

कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद नियमितीकरण की योजना लॉन्च की गई थी। लेकिन वर्तमान में राज्य में भाजपा की सरकार है, वहीं वित्तीय वर्ष भी समाप्त हो चुका है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि, नई सरकार इस योजना को बंद कर सकती है या आगे बढ़ाएगी। बरहाल 31 मार्च को वित्तीय वर्ष समाप्त हो चुका है आज से नए वित्तीय वर्ष शुरू होगा। टाउन प्लानिंग विभाग के अवसरों की माने तो अब तक कोई नई गाइडलाइन नहीं आई है।

## केशरवानी वैश्य सेवा समिति के आनंद गुप्ता अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ी केशरवानी वैश्य सेवा समिति दुर्ग भिलाई (पंजीयन क्रमांक 1232) के चुनाव में आनंद गुप्ता अध्यक्ष निर्वाचित हुए है। इसी प्रकार उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, महीप गुप्ता, सचिव विमल गुप्ता, सुनील गुप्ता, कोषाध्यक्ष स्वयंप्रकाश गुप्ता चुने गए है। महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती सुषमा महीप गुप्ता, सचिव श्रीमती अन्नपूर्णा स्वयंप्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्रीमती सीमा विमल गुप्ता, उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता सुनील केशरवानी, श्रीमती कविता शंभू केशरवानी, सांस्कृतिक मंत्री श्रीमती स्वीटी संजीव केशरवानी, श्रीमती श्रीमती संगीता बांके बिहारी गुप्ता, संगठन मंत्री श्रीमती संजुला बसंत गुप्ता बनाए गए है। विशेष सलाहकार श्रीमती सुमित्रा भानुप्रकाश केशरवानी, संरक्षक श्रीमती सुरेखा सूर्यकांत गुप्ता, श्रीमती पद्मिनी मुकेश गुप्ता चुने गए है। कार्यकारिणी सदस्य के रुप में श्रीमती मीना राजीव केशरवानी, श्रीमती दीक्षा प्रफुल्ल केसरवानी को शामिल किया गया है।

- रंगपंचमी पर होली गीत, संगीत की रही धूम

यह निर्वाचन छत्तीसगढ़ी केशरवानी वैश्य सेवा समिति दुर्ग भिलाई के पूर्व अध्यक्ष सूर्यकांत गुप्ता के सहयोग से संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी महीप गुप्ता और पर्यवेक्षक स्वयंप्रकाश गुप्ता रहे। समाज की महिला सभा का गठन प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका आनंद गुप्ता व प्रदेश संगठन मंत्री श्रीमती मंजू नवीन गुप्ता के मार्गदर्शन पर किया गया। महिला समिति द्वारा सामाजिक कार्यों हेतु स्व सहायता समूह का भी गठन किया गया है। रंग पंचमी का पर्व तहसीलदार दुर्ग प्रफुल्ल गुप्ता के आतिथ्य में मनाया गया। कार्यक्रम में होली गीत, संगीत व नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहे। इस अवसर पर डॉ. एसपी केशरवानी,नवीन गुप्ता,शंकरलाल केशरवानी, मुकेश गुप्ता, सूर्यकान्त गुप्ता,आनंद गुप्ता,विमल गुप्ता,महीप गुप्ता, स्वयंप्रकाश गुप्ता, सुनील गुप्ता, राजकुमार केशरवानी के अलावा समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

# पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से चढ़ने लगा दिन का तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दक्षिण से आने वाली हवाओं के थमने से प्रदेश के मौसम में एक बार फिर से बदलाव देखने को मिल रहा है। आसमान के साफ होने के साथ ही पश्चिम दिशाओं से आने वाली हवाओं के चलते अंचल का तापमान फिर से चढ़ने लगा है। वहीं अगले 72 घंटे के भीतर तापमान के 2 से 4 डिग्री तक चढ़ने की संभावना जताई गई है।

- मौसम साफ होने के बाद चढ़ने लगा पारा

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों दक्षिण से आने वाली हवाओं के कारण मौसम में बदलाव के देखने को मिला था। आंधी-तूफान के बीच प्रदेश के अधिकांश इलाकों में एक से दो दिन तक बेमौसम बारिश दर्ज की गई। इस दौरान फसल भी खराब हुए थे। हालांकि अब मौसम सुधरने के बाद तापमान में वृद्धि हो रही है।



### एसी-कूलर की बढ़ी डिमांड

इधर गर्मी के दिनों की शुरूआत होते ही उससे राहत दिलाने वाले एसी, कूलर सहित फ्रिज की डिमांड बढ़ गई है। इलेक्ट्रानिक्स व्यापारियों के मुताबिक पिछले एक पखवाड़े के भीतर बुकिंग में इजाफा हुआ है। वहीं एसी लगवा चुके लोग अब उसकी सर्विसिंग कराने में जुटे हुए हैं। कूलर के निर्माताओं ने भी डिमांड को देखते हुए नए तरीके एवं सुविधाओं वाले कूलर बनाने पर जोर बढ़ा दिया है।

### हवाओं के प्रभाव से आ रही गर्म हवाएं

मौसम विभाग द्वारा रोजाना जारी किए जाने वाले मौसम बुलेटिन के अनुसार दक्षिण से आने वाले हवाओं का असर अब समाप्त हो चुका है। वहीं पश्चिमी हवाओं के प्रभाव बढ़ने के कारण प्रदेश में तापमान लगातार बढ़ने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में अगले दो दिनों तक क्रमशः लगातार वृद्धि होने लगी है। ज्ञात हो कि पखवाड़ाभर पहले अंचल का अधिकतम तापमान 38 डिग्री तक जा पहुंचा था। जिसमें मौसम में आए बदलाव के बाद गिरावट दर्ज की गई थी। अब मौसम के साफ होने के बाद फिर से अधिकतम पारा दुर्ग में 39 डिग्री से पर हो चुका है।

# शहर जिला कांग्रेस के संगठन नेताओं को सौंपी गई जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

लोकसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में वोरा निवास में कांग्रेस की बैठक हुई। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप चौबे, पूर्व विधायक अरुण वोरा, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अलताफ अहमद, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, राजकुमार साहू, महीप सिंह भुवाल, प्रवक्ता सुशील भारद्वाज, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कन्या ढीमर, आशुतोष सिंह, संदीप वोरा, मोहित वालदे, सुमीत वोरा, राहुल शर्मा उपस्थित रहे।

- लोगों को कांग्रेस के कार्यों की जानकारी देने के निर्देश

बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने कहा कि हमें दुर्ग विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू को लोकसभा चुनाव में भारी मतों से जिताना है। सभी कांग्रेसजनों को कांग्रेस द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी लोगों तक पहुंचाना है। केंद्र की सरकार पिछले 10 साल से आम जनता से छलावा करती आई है। बैठक में सभी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई सहित अन्य प्रकोष्ठों को झंडा व पम्पलेट का वितरण कर अपने-अपने वार्ड में झंडा व पॉम्पलेट वितरण कर कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू के पक्ष में वोट की अपील करने कहा गया।

# एमएसएमई ने महिलाओं को पेपर बैग निर्माण की सिखाई बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



एमएसएमई टूल रूम एवं स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त प्रयासों से महिलाओं को स्वरोजगार हेतु पोटियाकला में 15 दिवसीय पेपर बेग के निर्माण से प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वावलंबी भारत अभियान के छत्तीसगढ़ प्रांत सह समन्वयक एवं लघु उद्योग भारती के पूर्व इकाई अध्यक्ष संजय चौबे ने महिलाओं को बताया कि स्वावलंबी भारत अभियान देश में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा करने हेतु ठोस कदम उठाने के लिए एक महत्वपूर्ण सामूहिक पहल है। जिसे आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में काम कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आठ संगठनों द्वारा प्रारम्भ किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में आम लोग व दुकानदारों को जनजागरूकता के लिए सार्वजनिक स्थानों, बाजार, सब्जी मार्केट, चौक चौराहों सहित बस स्टैंड आदि जगहों में वितरण किया जाएगा।

- महिलाओं ने बनाएं 10 दिन में 13 सौ बैग व लिफाफा

इस प्रयोग के सफल होने पर इसे जिला स्तर पर प्रत्येक विकासखंड में महिलाओं को प्रशिक्षित कर अपने अपने आसपास के मोहल्ले एवं शहर में लोगों को जागरूक कर पेपर बैग के निर्माण एवं उसके उपयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। ट्रेनर श्रीमति प्रीति बसु के द्वारा 40 महिलाओं को पेपर बैग बनाने का ट्रेनिग दिया जा रहा है । इन महिलाओं द्वारा 10 दिन में लगभग 1300 बैग एवं लिफाफा बनाया गया। कार्यक्रम से ट्रैनिंग प्राप्त कर ग्रामीण महिलाएं कम पूंजी में ही अपनी आर्थिक स्थित सुधार सकती हैं। प्रशिक्षण में नीतू प्रेम चंदनिया, ममता पाटिल, सुशीला भारती, खुशबु चंदेल, संध्या चंदनिया, पुष्पा पुराणिक, मीरा तिंगे, निशा पाटिल ने योगदान दिया।

पदाधिकारियों से चर्चा कर कार्यक्रम के लिए सौंपी जिम्मेदारी

# जिला स्तरीय कर्मा महोत्सव सात अप्रैल को धमधा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

धमधा में 7 अप्रैल को जिलास्तरीय कर्मा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला साहू सदन केलाबाड़ी में जिला साहू संघ की बैठक जिला अध्यक्ष नन्दलाल साहू के अध्यक्षता में हुई। बैठक में कर्मा महोत्सव की तैयारी के संबंध में विस्तार से समाज प्रमुख पदाधिकारियों से चर्चा कर उन्हें कार्यक्रम के लिए जिमेदारी सौंपी गई।

- जयंती के संबंध में साहू सदन में हुई बैठक

सभी से आह्वान किया गया कि 5 अप्रैल भक्त माता कर्मा की 1008 वीं जयंती के अवसर पर पूरे जिले के साहू समाज के लोग अपने घरों के दरवाजे पर रंगोली बनाएं, कर्मा माता के चित्र रखकर पूजा कर दीप जलाए। यह निर्देश प्रदेश साहू संघ द्वारा दिया गया है। बैठक में दुर्ग जिला साहू संघ अध्यक्ष नंदलाल साहू, प्रदेश महामंत्री प्रदेश साहू संघ लखन साहू, जिला साहू संघ सलाहकार भीखम साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती दिव्या कलिहारी, अनिल साहू, मंजू साहू, प्रदेश प्रतिनिधि अश्वनी साहू, महासचिव राकेश साहू, संगठन सचिव टी आर साहू, मीडिया प्रभारी राकेश साहू सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### माता की 1008 वीं जयंती

साहू समाज की आराध्य भक्त माता कर्मा की जयंती पूरे एक सप्ताह तक पूरे प्रदेश में अलग-अलग दिन उत्सव के रूप में आयोजन कर मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में दुर्ग जिला साहू संघ द्वारा भक्त माता कर्मा की 1008 वी जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय विशाल कर्मा महोत्सव का आयोजन 7 अप्रैल को धमधा के कॉलेज मैदान सिरना भाठा में जिला दुर्ग साहू संघ एवं धमधा तहसील द्वारा आयोजित किया जाएगा।



### उपमुख्यमंत्री साव होंगे मुख्य अतिथि

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विशेष अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ टहल सिंह साहू, जागेश्वर साहू, रामशिला साहू, दीपक ताराचंद साहू, राजेंद्र साहू, जिला पंचायत सदस्य अशोक साहू, जितेंद्र साहू, श्रीमती लक्ष्मी साहू उपस्थित रहेंगे।

### निकाली जाएगी कलश यात्रा

जिसमे सर्वप्रथम कार्यक्रम के पहले 1001 कलश यात्रा सुबह 9.30 बजे निकाली जाएगी। पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत 11 बजे भक्त माता कर्मा की आरती के पश्चात शुरू होगी। समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। दोपहर 1 बजे से समाज रत्न स्मृति सम्मान एवं सामाजिक सम्मान प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर नव निर्वाचित विधायकों का समाज गौरव सम्मान किया जाएगा।

# जिला अस्पताल में हुई 12 वर्षीय मरीज की न्यूरोसर्जरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला चिकित्सालय में ब्रेन में खून के थक्के का पहला आपरेशन किया गया।



गौरतलब है कि 12 वर्षीय गौरी निषाद सेलुद निवासी का दो पहिया वाहन से एक्सीडेंट होने के कारण सिर में चोट लग गई थी, जिसके चलते सिर में दर्द, चक्कर लगना, बार बार उल्टी जैसा लगना लक्षण था। चिकित्सालय में मरीज का तुरंत सीटी स्कैन करवाया गया। जिसमें ब्रेन में लेफ्ट साइड खून का बड़ा थक्का पाया गया। जिस वजह से इमरजेंसी में तुरंत ऑपरेशन न्यूरोसर्जन एवं एक्सपीरियंस निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ बसंत चौरसिया द्वारा किया गया। ऑपरेशन में रमेश, नसरीन एवं भागीरथी ने भी भूमिका निभाई। ऑपरेशन के दौरान मरीज को एक बोतल खून भी चढ़ाया गया। मरीज अभी स्वस्थ है एवम ऑब्जर्वेशन के लिए आईसीयू में रखा गया है। यह ज़िला चिकित्सालय दुर्ग के लिए पहला ऐसा केस हैं जहां 12 वर्षीय मरीज का न्यूरोसर्जरी हुआ है। इस जटिल शल्य चिकित्सा के सफलतापूर्वक परिणाम के लिए जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, प्रशांत डोंगावकर व सतीश सुराना ने बधाई डाक्टरों को बधाई दी है।

## खबर संक्षेप

### पेंशनरों की बैठक 4 को

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा डौण्डीलोहारा की आगामी बैठक 4 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से कृषि पेंशन भवन में रखी गई है। बैठक में बालोद जिला एवं तहसील डौण्डीलोहारा की वार्षिक सदस्यता सत्र 2024 का शुल्क जमा करने, आय व्यय का हिसाब, पेंशन भवन के अतिरिक्त कमरा की पुताई, पुट्टी, बिजली वायरिंग एवं सामने के समतलीकरण के संबंध में चर्चा की जाएगी। मारी बंगला देवरी तहसील में जिला स्तरीय बैठक 6 अप्रैल को होगा। बैठक में जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। पेंशनर अपनी सुविधा एवं समस्या के संबंध में दोनों तहसील की बैठक में उपस्थित हो सकते हैं। अध्यक्ष सियाराम शार्वा ने उक्त जानकारी देते हुए सभी पेंशनर साथियों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### चिचबोड़-बेलौदी में 7 से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**बालोद/सिकोसा।** श्रीराम चौक चिचबोड़ (बेलौदी) में 7 अप्रैल से 15 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत के पावन कथा प्रसंग आयोजन किया गया है। जिसमें कथा वाचक महाराज सत्यनारायण खोखोपारा पुरानी बस्ती रायपुर वाले होंगे। प्रवचन समय प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 01.30 बजे व दोपहर 02.30 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। 7 अप्रेल रविवार को भागवत कथा महात्मय, गौकर्ण कथा होगा। 08 अप्रैल सोमवार को भागवत कथा प्रारंभ, वराह अवतार कथा होगा। 09 अप्रैल मंगलवार को कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत, शिव विवाह कथा होगा। 10 अप्रैल बूधवार को अजामिल कथा, प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन कथा होगा। 11 अप्रैल गुरूवार को वामन अवतार, श्रीराम कथा, श्रीकृष्ण जन्म उत्सव मनाया जाएगा। 12 अप्रेल शुक्रवार को श्रीकृष्ण बाललीला, छप्पन भोग, रूखमणी कृष्ण विवाह होगा। 13 अप्रैल शनिवार को भगवान के अन्य विवाह, सुदामा चरित्र कथा होगी। 14 अप्रैल रविवार को भगवान का परमधाम जाना, कथा समापन, चढ़ोत्री होगा। 15 अप्रैल सोमवार हवन एवं तुलसी वर्षा होगी।

### रश्मि व मंजू महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त

**भिलाई।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी ठाकुर ने संगठन महामंत्री पवन साय प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष महेश वर्मा की सहमति से पूर्व पार्षद रश्मि सिंह एवं पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मंजू दुबे को प्रदेश कार्य समिति सदस्य नियुक्त किया। इनकी नियुक्ति को लेकर भिलाई जिला महिला मोर्चा में उत्साह का माहौल रहा। यह जानकारी भिलाई जिला प्रभारी रणजीत सिंह ने दी।

### पियूष को प्रदान की पीएचडी की उपाधि

**भिलाई।** डॉ. संतोष राय इंस्टीट्यूट के पियूष जोशी (इकोनॉमिक्स के फैक्ल्टी) को मैट्स यूनिवर्सिटी द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान किया गया। जोशी को मैट्स यूनिवर्सिटी द्वारा वाणिज्य में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई उनके रिसर्च का टॉपिक रॉक ऑफ भिलाई स्टील प्लांट और इट्स इम्पैक्ट ऑन इकोनोमिक्स ग्रांट, विथ स्पेशल रिफेरेन्स टू दुर्ग डिस्ट्रीक्ट (2008-2018) था। इस से पहले पियूष जोशी ने लॉगेस्ट टीचिंग सेसन में गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी अपना नाम दर्ज करा चुके है। यह निरंतर 10 वर्ष से संस्था से जुड़े है। पियूष जोशी अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरूजनों एवं अपने दोस्तों को देते हैं।

### सामूहिक आदर्श विवाह व कर्मा जयंती में उपमुख्यमंत्री साव होंगे शामिल

**सेलूद।** तहसील साहू संघ पाटन के पदाधिकारियों ने शनिवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से सिविल लाइन रायपुर स्थित निवास में सौजन्य भेंट कर ग्राम पतोरा में 20 एवं 21 अप्रैल 2024 को आयोजित तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह के द्वितीय सत्र आशीर्वाद समारोह में बतौर प्रमुख अतिथि शामिल होने आमंत्रित किया।





स्पर्धा

## ओडिशा टीम ने बिहार को एक गोल से किया पराजित

### राजहरा माइंस एवं केरला पुलिस का मैच हुआ ड्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

- नगर में आल इंडिया गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता जारी





नगर के फुटबॉल स्टेडियम में बी.एस.पी. लौह अयस्क खदान समूह राजहरा मांइस के समाजिक निगमित उत्तरदायित्व क्रीड़ा एवं मनोरंजन परिषद द्वारा आयोजित आल इंडिया गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के पांचवें दिन सोमवार को दो लीग मैच खेले गए। पहले मैच में यूनाइटेड फुटबॉल क्लब उड़ीसा ने बक्सर बिहार को शून्य के मुकाबले एक गोल से पराजित किया।

मध्यांतर के बाद जर्सी नं 10 प्रफुल्ल लकरा ने पहला गोल किया और निर्धारित समय बिहार की टीम कोई गोल नहीं कर सकी और पराजित हो गई। दूसरा मैच राजहरा माइंस एवं केरला पुलिस के मध्य खेला गया। जहां दोनों ही टीम एक-एक गोल की बराबरी पर रहे। अपनी टीम के लिए केरला पुलिस की ओर जर्सी 18 जिमशाद ने टीम को एक गोल से बढ़त दिलाई। इसके कुछ समय बाद राजहरा मांईस के खिलाड़ियों ने जबरदस्त काउंटर अटैक किया। गोलपोस्ट डी के पास राजहरा के खिलाड़ियों को फाउल खेलने पर फ्री पेनाल्टी शूटआउट मिला। जर्सी नं 05 संजय कुमार ने गोल में बदलकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया और मैच ड्रा हो गया।

सोमवार को मुख्य अतिथि के रुप में कार्य पालक निर्देशक कार्मिक पवन कुमार भिलाई इस्पात संयंत्र रहे। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक राजहरा मांईस आर.बी.गहरवार ने किया। विशेष अतिथि के रुप में एम.डी.रेड्डी ए.जी.एम. पर्सनल, के.के.साहू ए.जी.एम. पर्सनल विभाग भिलाई, डॉ. शैवाल जाना मुख्य चिकित्साधिकारी शहीद अस्पताल एवं डॉ. सुधीर और वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजहरा मांइस फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राजेंद्र बेहरा, उपाध्यक्ष मुकुल वर्मा, सचिव त्रिनाथ नायडू, संगठन सचिव गौतम बेहरा, कमलाकर सिंह, मनोज परेरा, वरिष्ठ गोलकीपर, संजय रावत, अमृत लाल मौजूद थे। मैच कमिश्नर रूबी डेविड, चीफ रैफरी प्रफुल्ल कुमार, सहायक रैफरी शंकर बहादुर लामा, अमन कुमार, दीपेश डे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जिले की तीनों विस में 8 को कार्यकर्ता सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- भाजपा कार्यालय में लोस चुनाव को लेकर हुई बैठक

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय बालोद में व्यापारी प्रकोष्ठ, आर्थिक प्रकोष्ठ एवं व्यापार प्रकोष्ठ की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ लाभचंद बाफना एवं जिला अध्यक्ष बीजेपी बालोद पवन साहू, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के महामंत्री अजय भसीन एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य व्यापारी प्रकोष्ठ एवं प्रभारी बालोद जिला प्रमोद जैन, जिला संयोजक राजू पटेल एवं प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर उपस्थित थे।

बैठक में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन एवं लोकसभा कांकेर प्रत्याशी को विजयी बनाने हेतु चर्चा हुई। वहीं जिले के तीनों विधानसभा में 8 अप्रैल को गुण्डरदेही में दोपहर 12 बजे दल्लीराजहरा में 3 बजे और बालोद में शाम 6 बजे कार्यकर्ताओं का सम्मेलन करने प्रस्ताव रखा गया है, जिसमें प्रदेश के नेताओं एवं मंत्रियों को बुलाने का निर्णय लिया गया है। प्रमोद जैन को तीनों विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है, इस बैठक में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स अजय भसीन, सहसंयोजक संतोष शर्मा, प्रमोद जैन, सुरेश सोनी, थानमल जैन, कमलेश पांडे, संतोष शर्मा, श्रवण टावरी, शंभू पटेल, नोहर साहू, सीए मुकेश जैन, कांतिलाल जैन, भवानी शर्मा, कमल पंपलिया, कमल तातेड, नमन ओस्तवाल, गगन जैन, संजय जैन, प्रितपाल छाबर, सुरेंद्र तिवारी, संजय जैन, कांतिलाल जैन, व्यापारी श्रवण टावरी, शंभू पटेल, आर्थिक प्रकोष्ठ व व्यापारी प्रकोष्ठ के सदस्य शामिल हुए।

## शक्तिकेंद्र मोहारा की बैठक में जुटे भाजपा कार्यकर्ता



**गुरूर।** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मोहारा की बैठक में बुथ क्रमांक 139 और 140 के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। भाजपा मंडल गुरुर के लाभार्थी संपर्क अभियान के मंडल प्रभारी एवं शक्ति केंद्र मोहारा के सह प्रभारी, डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने कहा कि बूथ में 370 से अधिक वोटों से जीत डोर टू डोर जनसंपर्क कर पत्रक वितरण लाभार्थियों से संपर्क करना, पन्ना प्रमुखों को कार्य वितरण करना, चुनाव प्रचार सामग्री दीवार लेखन की समीक्षा, मेरा बूथ कैसे सबसे मजबूत हो इस पर चर्चा, प्रत्याशी भोजराज नाग के प्रति जागरूकता इन सभी विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सरपंच, सहसंयोजक नीलकंठ साहू, बुथ अध्यक्ष तुलाराम साहू, डॉ मुकेश सार्वा, भाजपा कार्यकर्ता केशव राम धनकर, हेमलाल सिन्हा, परमेश्वर साहडा, धर्मेंद्र तेल्यासी, गंगाराम साहू, टेक सिंह सार्वा, महेश कुमार सिन्हा, तेज राम बनपेला, यंत कुमार साहू, मोहपत धनकर व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अपने भीतर की मशाल प्रज्वलित कर जीवन को सार्थक बनाने का प्रयास करें

**डौंडीलोहारा।** नगर के जैन अर्चना भवन के सभागार में शनिवार को श्रमण संघीय आचार्य भगवन डॉ शिवमुनि जी मसा की आज्ञानुवर्तिनी सुशिष्या महासती प्रियदर्शनाश्रीजी मसा ने ध्यान साधना का महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि एक क्षण भी यदि सही मायने में व्यक्ति का चित्त ध्यान साधना में लग जाता है, तो वह अत्यंत ही लाभदायक होता है। सच्ची ध्यान साधना से ही चित्त की प्रसन्नता व अंतर हृदय में समाधि के भाव उत्पन्न होते हैं। शिवाचार्य भगवन की महती कृपा है कि उन्होंने आत्म ध्यान का मार्ग बताया व ध्यान साधना की कला सिखाई है। महासती जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को 'अर्हम' के उच्चारण के साथ ध्यान की साधना को प्रत्यक्ष प्रस्तुत किया व चित्त की समाधि के गूढ़ रहस्यों को बताया। महासती विचक्षणाश्रीजी मसा ने कहा कि जिनवाणी की अनुमोदना भव सागर से पार लगा देती है। वहीं, संसार की अनुमोदना भव भव को बढ़ा देती है।अपने भीतर के मशाल को प्रज्वलित कर अपने जीवन को सार्थक बनाने का प्रयास करें। अपना जीवन कमाल का तब बनेगा, जब भीतर में जिनवाणी की मशाल प्रज्वलित होगी व अन्तरतम में उजियारा होगा। अपने शरीर के रोम रोम में आत्मा विराजमान हैं। ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार मिश्री के कण कण में सफेदी व मिठास विराजमान हैं।

## सेवानिवृत्त हुए उपनिरीक्षक झग्गर सिंह को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



अंडा पुलिस थाना में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक झग्गर सिंह टंडन को पुलिस विभाग से सेवाकाल पूर्ण होने पर उनकी सेवानिवृत्त होने पर अंडा थाना में विदाई समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर अंडा थाना प्रभारी श्रद्धा पाठक पुष्पमाला से स्वागत करते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य की मंगल कामना की। इस अवसर पर एस आई तुलसी राम साहू, दिनेश वर्मा,सुंदरलाल नेताम, प्र. आरक्षक धन्नूराम, भागवत प्रसाद, कौशलेंद्र सिंह, महिला प्र. आरक्षक जेस्मिका कुम्हारे, आर. तेजेश्वर साहू, भवानी प्रसाद, जगत, कुबेर सिंह, उमाकांत, आकाश अवस्थी, महिला आरक्षक जेस्मिका कुम्हारे, तृप्ति ध्रुव, हेमलता ठाकुर सहित पुलिस स्टाफ के अलावा, ग्राम पुरोहित महेंद्र कुमार पाण्डेय, अमीत कुमार चंद्राकर उपसरपंच ग्राम पंचायत अंडा, नरेश निर्मलकर उपस्थित रहे सभी लोगों ने फूलमाला पहनाकर गुलदस्ता व तोहफा भेंटकर भावभीनी विदाई देते हुए अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

## गौ रक्षा को लेकर हुई बैठक ...



**अंडा।** छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी का प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें गौ रक्षा राष्ट्र निर्माण एवं लोक सभा चुनाव के मुद्दों पर चर्चा हुई। जसपुर से विक्रमादित्य सिंह जूदेव, जया सिंह जूदेव, राजीव तंबोली, आशा, भिलाई से प्रमोद जैन, रायगढ़ से अमितेश एवं अन्य जिलों से भी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि ने दिखाई द लाइट फिल्म



**दल्लीराजहरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा द लाइट फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

दल्लीराजहरा ब्रह्माकुमारीज़ शाखा की संचालिका ब्रह्माकुमारी पूर्णिमा बहन ने इस फिल्म का उद्देश्य बताया कि द लाइट अर्थात परमात्म लाईट द्वारा आध्यात्म ज्ञान का प्रकाश हर मानव मन में आत्म जागृति लाए और मानव जीवन में बुराईयां, विकृतियां, और मनोविकार खत्म हों, आत्मिक सुख और शांति की प्राप्ति हो। प्रदर्शन के दौरान लगभग 350 लोगों ने फिल्म देखी। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ दल्लीराजहरा की संचालिका ब्रह्माकुमारी पूर्णिमा बहन,महिला प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष शिरोमणि माथुर, वार्ड नंबर 26 की पार्षद टी ज्योति, ब्रह्माकुमारी स्वर्णा बहन, ब्रह्माकुमारी आशा बहन, नगर अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा गीता मरकाम उपस्थित थे। फिल्म के प्रदर्शन में दल्लीराजहरा माथुर सिनेप्लेक्स के प्रबंधक आशुतोष माथुर एवं महिला प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष शिरोमणि माथुर का विशेष सहयोग रहा।

### सुरक्षा को लेकर फिर निकाला फ्लैग मार्च

**भिलाई।** लोकसभा चुनाव को लेकर दुर्ग पुलिस अलर्ट है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के लिए भी कड़ी चेतावनी जारी की गई है। शनिवार को एसपी जितेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने शहर में फ्लैग मार्च भी निकाला। फ्लैग मार्च पुलिस लाइन से होकर इंदिरा मार्केट, पद्मनाभपुर, पोटिया, केलाबाड़ी समेत आसपास के क्षेत्र से गुजरा। पुलिस ने गुंडा-बदमाशों और असामाजिक तत्वों को माहौल नहीं खराब करने को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। फ्लैग मार्च के दौरान एक हजार से अधिक पुलिस बल था। दुर्ग पुलिस ने चुनाव के दौरान कोई भी लॉ एंड ऑर्डर को तोड़ने की कोशिश करने वालो को सबक सिखाने कोई कसर नहीं छोडेगी। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के दौरान ही होली का त्योहार भी पड़ा।

## लोस चुनाव को लेकर खप्परवाड़ा में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांकेर लोकसभा के भाजपा मंडल गुंडरदेही के खप्परवाड़ा शक्तिकेन्द्र की बैठक ग्राम ओटेबन्द में हुआ। बैठक में मंडल उपाध्यक्षण व शक्तिकेन्द्र प्रभारी कुलदीप साहू ने सभी कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव के संबंध में जरुरी निर्देश दिया।

प्रत्येक घर मे झंडा फहराने तथा 6 अप्रैल को अपने-अपने बूथ में स्थापना दिवस मनाने, सभी केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थी से संपर्क, प्रत्येक बूथ में 370 मत बढ़ाने हेतु कार्यकर्ताओं का घर-घर संपर्क अभियान, सरकार की सभी योजनाओं को जनता तक कैसे पहुंचाये इस विषय में विस्तृत रूप से बताया।इस अवसर पर खप्परवाड़ा शक्तिकेन्द्र के संयोजक भूपेंद्र निषाद ने बूथ अध्यक्षों के कार्यसमिति व पन्ना प्रमुखों की समीक्षा की। बैठक में प्रमुख रूप से सह संयोजक धनेश चंद्राकर, संजू चंद्राकर (संयोजक-सकरौद) बूथ अध्यक्षगण दोउकीडीह से भीषम साहू, देवरी ख से खिलेंद्र साहू, शत्रुघन साहू, गणपत यादव, खप्परवाड़ा से सेवक चंद्राकर, नरेंद्र चंद्राकर, ओटेबन्ध से उत्तम साहू, पूर्व सरपंच जीवन साहू, पुखराज निर्मलकर, अर्जुनी से मोहनलाल साहू व अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

## संगठित व असंगठित श्रमिकों के हितों के लिए तेज होगी कानूनी जंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी सहित सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों में स्थाई प्रकृति के काम करने वाले प्रदेश के ठेका मजदूरों के नियमितिकरण और संगठित और असंगठित मजदूरो के वेतन सुविधाओं व पेंशन में बढ़ोत्तरी को लेकर इंटक अब सड़क की लड़ाई के साथ कानूनी लड़ाई भी लड़ेगा। इसके लिए प्रदेश के मजदूरों को एकजुट किया जाएगा।

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक भिलाई के तत्वाधान मे छत्तीसगढ़ प्रदेश इंटक की 44 वी, कार्यकारिणी की बैठक एसएनजी विद्यापीठ सेक्टर 4 में में हुई अहम बैठक में इस आशय के निर्णय सहित मजदूरों के हित में कई फैसले लिए गए। स्वाग भाषण ठेका श्रमिकयूनियन के अध्यक्ष संजय साहू ने दिया। इंटक के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश इंटक के अध्यक्ष डां. संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में श्रमिकों के हितों को बचाने के लिए उद्योगों में ठेका प्रथा को सरकार द्वारा बढ़ाने , नियमित कर्मियों की भर्ती नहीं करने, ठेका श्रमिकों को संगठित कर उनको समान काम समान वेतन, दिलाने ,स्थाई प्रकृति के कार्य को लगातार ठेका श्रमिकों से कराने सुको के फैसले पर अमल कराने सहित कई प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में स्थाई प्रकृति में कार्य करने वाले ठेका श्रमिकों नियमित करने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया गया है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### चिचबोड़ में हुई बूथ अध्यक्षों व भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**गुण्डरदेही।** गुण्डरदेही मंडल के मोखा शक्ति केंद्र प्रभारी व युवा मोर्चा अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा ने चिचबोड़ में बुथ अध्यक्षों व भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने कांकेर लोकसभा सांसद प्रत्याशी भोजराज नाग को विजय बनाने का संकल्प दिलाया। बैठक में ठंडेश्वर साहू, लुमेश देवांगन, तेजराम साहू, जनपद सदस्य लेखराम साहू, नेमलाल यादव, रिखीराम, हिराधर, टिकेश कुमार, तिलक पटेल, मुकेश कुमार, प्रभु रजक, रामस्वरूप सिन्हा, काशीराम साहू, लखन लाल साहू व अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वृद्धाश्रम में बांटी जन्मदिन की खुशी



**बालोद/निकुम।** महावरी समता वृद्धाश्रम पहुंचकर समीर साहू ने अपना जन्मदिन मनाया। ग्राम चीरचार निवासी समीर ने इस दौरान परिवार सहित वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया। वहीं आश्रम में रहने वाले सभी 48 लोगों को साड़ी और कपड़ा प्रदान कर मुंह मिठाकर कर फल आदि बांटा। कक्षा आठवीं के छात्र ने अपने जन्मदिन पर यही उपहार मांगा था कि वे अपना जन्मदिन बुजुर्गों के साथ मनाएंगे। समाज सेवी चुकेश्वर साहू ने कहा कि हमें अपनी खुशियां ऐसे जगह व जरुरतमंद लोगों के बीच मनाना चाहिए।

### डौण्डी में हुआ मतदाता जागरूकता अभियान



**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने हेतु मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौण्डी में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले ने लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मितानिनों एवं प्रशिक्षकों के अलावा अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

### ट्रेडिंग के नाम पर ठगी

**भिलाई।** ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर रुपए दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर 420 का मामला दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर-10 निवासी जी वीणु गोपाल के मोबाइल में अज्ञात ने ट्रेडिंग कंपनी के नाम पर रुपए दोगुना करने का झांसे का मैसेज मोबाइल पर भेजा।

# गांवों के सूखे तालाब होंगे लबालब, जलाशयों से छोड़ा गया पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸। बालोद

जिले के प्रमुख जलाशयों से निस्तारी के लिए पानी छोड़ा गया है। जिले में प्रमुख चार जलाशय है, जिसमें तांदुला जलाशय, गोंदली जलाशय, खरखरा जलाशय और मटियामोती जलाशय का नाम शामिल है। इसके अलावा जिले में सैकड़ों छोटे-बड़े जलाशय भी स्थित हैं, जो किसानों के द्वारा सिंचाई के लिए उपयोग में लाए जाते हैं। वहीं, प्रशासन द्वारा इस वर्ष रबी फसल के लिए किसानों को किसी भी जलाशय से जल प्रदान नहीं किया गया था। अब इन सभी जलाशयों से निस्तारी के लिए पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे ग्रामीण अंचलों में स्थित तालाबों को पानी से भरकर पानी की कमी को दूर किया जाएगा।

**जलाशयों में जलभराव की स्थिति :** जल संसाधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार तांदुला जलाशम मे 41.06 प्रतिशत जल भराव की स्थिति है। खरखरा जलाशय में 51.65 प्रतिशत, मटिया मोती जलाशय में 61.09 प्रतिशत और गोंदली जलाशय में 33.49 प्रतिशत पानी उपलब्ध है। विभाग द्वारा सोमवार को तांदुला जलाशय से निस्तारी के लिए पानी छोड़ा गया है। वहीं, रविवार को खरखरा जलाशय से पानी छोड़ा गया है। सोमवार देर शाम तक गोंदली जलाशय से पानी छोड़ने की बात कही जा रही थी। वहीं, मटियामोती से लगातार राजनांदगाँव के लिए पानी दिया जा रहा है।

## ग्रामीणों की निस्तारी के लिए भरे जाएंगे तालाब

### भूजल स्तर घटा

जलाशयों से पानी नहीं छोड़ने के कारण जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में वाटर लेवल में गिरावट देखी जा रही थी। इसके कारण रोजाना अनेक मोटरपम्प में पानी की कमी या वॉटर लेवल नीचे जाने की जानकारी सामने आ रही थी। इससे मोटर पम्प ज्यादातर खराब होते नजर आ रहे हैं या पाइप जोड़कर मोटर को ज्यादा गहराई उतारने का काम मोटर मिस्त्री द्वारा किया जा रहा है।



### नीचे जा रहा जलस्तर

बालोद वार्ड क्रमांक 10 निवासी कमल टुवानी ने बताया कि नल का जो कनेक्शन पेयजल के लिए लगा है, उससे पर्याप्त पानी मोहल्लेवासियों को नहीं मिलता। इसकी शिकायत कई बार की गई है। घर में जो बोरवेल खनन किया गया है, उसमें पहले 160 फीट में पर्याप्त पानी आता था, लेकिन वाटर लेवल नीचे जाने के कारण 20 फीट पाइप फिर से जोड़कर मोटर को नीचे किया गया है। अब मोटर 180 फीट की गहराई में होने के बावजूद पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है। शहर में लगातार गिरते भूजल स्तर से आने वाले समय में गंभीर पेयजल संकट खड़ा हो सकता है। इस दिशा में शासन-प्रशासन एवं आमजनता को कार्य करने की आवश्यकता है।

## शासकीय कन्या शाला में पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी क्रमांक 1 को दिया गया प्रशिक्षण

# चुनाव प्रशिक्षण में पहुंचे कर्मचारियों को भोजन के समय मिला नाश्ता







हरिभूमि न्यूज ▸▸। बालोद

लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार लोकसभा चुनाव को जिन मतदान कर्मियों के भरोसे संपन्न कराया जाता है, उन मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं मतदान कर्मियों को मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित रहना पड़ रहा है।

दरअसल एक अप्रैल को जिला मुख्यालय स्थित शासकीय कन्या शाला में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी क्रमांक 1 को प्रशिक्षण दिया जा रहा था। प्रशिक्षण का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक था। प्रशिक्षण में लगभग 450 मतदान कर्मी पहुंचे थे, जिन्हें समय पर न तो चाय नाश्ता मिला और न ही समय पर उन्हें भोजन मिला। प्रशिक्षण लेने पहुंचे कई कर्मियों ने बताया कि वे अपने खर्चे से ही दोपहर में होटल से भोजन करके आए। उसके बाद जिम्मेदार अधिकारियों ने भोजन के समय निकल जाने के बाद करीब 3 बजे भोजन देने के बजाए कागज में पैक कर नाश्ता के रूप में बड़ा दिया। हालांकि कर्मियों को बड़ा परोसने के बाद 50 अलग-अलग भोजन के पैकेट लाए गए। भोजन के ये 50 पैकेट किन अधिकारी-कर्मचारियों के लिए था, किसे दिया गया, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। लेकिन, प्रशिक्षण में करीब 450 कर्मियों के होने की जानकारी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह भोजन का पैकेट प्रशिक्षण लेने पहुंचे कर्मियों के लिए नहीं होगा।

### तीन घंटे बंद रही बिजली

मिली जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण के दौरान 3 घंटे तो बिजली बंद रही। प्रशिक्षण 10 बजे से शुरू हुआ। लगभग एक घंटे बाद 11 बजे से बिजली बंद हो गई। दोपहर जरीब 2:30 बजे बिजली बहाल हुई। लेकिन इस बीच तीन घंटे तक भीषण उमस भरी गर्मी के बीच बगैर पंखे और लाइट के ही प्रशिक्षण दिया जा रहा था।

### भोजन के लिए नहीं मिलती राशि

मामले में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने कहा कि कर्मचारियों को भोजन की व्यवस्था के लिए आबंटन नहीं मिलता है। दूसरे फेस के प्रशिक्षण में भोजन दिया जाएगा। तकनीकी खराबी के कारण लाइट बंद हुई। मैंने विद्युत विभाग के ईई से बात कर विद्युत सप्लाई बहाल करने कहा था। तकनीकी खराबी के कारण विलंब हुआ।

# भाजपा अजजा कार्य समिति की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸। बालोद

अनुसूचित जनजाति भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद की कार्य समिति की बैठक जिला भाजपा कार्यालय में बालोद जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम के उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम, भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, कांकेर लोकसभा सहसंयोजक यज्ञदत्त शर्मा, डॉ. देवेंद्र माहला, जिला भाजपा महामंत्री राकेश यादव, जनजाति मोर्चा जिला बालोद अध्यक्ष शुभ सिंह कुरेटी ने संबोधित किया।

बैठक में अनीता कुमेटी, नगर पंचायत डौण्डी अध्यक्ष सोमेश सोरी, थानसिंह मंडावी, रामकुशन सोरी, प्रदीप ठाकुर, ढाल सिंह मंडावी, खेमराज सिंह, टोमेंद्र मांडवी, सियाराम उसेंडी, पीलाराम नेताम, निरंजन, डोमार सिंह नायक, रामलाल नायक गोकरण सिंह मेरिया, हीरा ठाकुर व बालोद जिले के सभी मंडलों के सदस्य उपस्थित थे।

## नवोदय विद्यालय का रिजल्ट जारी

**बालोद।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2024 के अंतर्गत कक्षा 6वीं एवं कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली ने बताया कि कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 20 जनवरी 2024 को तथा 09 वीं में लेटरल एन्ट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु 10 फरवरी 2024 को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि परीक्षा में शामिल परीक्षार्थी अपना परीक्षा परिणाम ऑफिशियल वेबसाइट नवोदय डॉट जीओवी डॉट इन पर अवलोकन कर सकते हैं।

# मतदान कार्य में गलती की कोई गुंजाइश नहीं : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▸▸। बालोद

- मतदान दलों को प्रशिक्षण का लिया जायजा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आनंद पब्लिक स्कूल डौण्डीलोहारा एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बटेरा में पहुंचकर प्रशिक्षण का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से प्रशिक्षण को सूचारू रूप से संपन्न कराने हेतु की गई व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्वाचन से जुड़े प्रत्येक कार्यों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि निर्वाचन के कार्य में त्रुटि की गुजांईश बिल्कुल भी नही होती है। इसलिए निर्वाचन से जुड़े प्रत्येक कार्यों को त्रुटिरहित ढंग से पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। चन्द्रवाल ने मतदान दल के अधिकारी–कर्मचारियों को निर्वाचन कार्य को सुचारू रूप से एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न करने हेतु पूरी गंभीरता एवं मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने को कहा।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बूथस्तर पर सक्रिय होने की दी गई सीख



हरिभूमि न्यूज ▸▸। गुरूर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में सेक्टर, जोन कार्यकारिणी व जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कांकेर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर को विजयी बनाने चर्चा की गई एवं कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय होकर एक एक मतदाता से संपर्क कर कांग्रेस की रीति नीति एवं कांग्रेस की सरकारों द्वारा किए गए कार्यों को बताने व कांग्रेस के पक्ष में मतदान कराने, प्रेरित करने मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बैठक में संजारी बालोद विधानसभा के विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। ब्लॉक अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने कार्यकर्ताओं को घर-घर पहुंचने निर्देशित दिए। इस बैठक में जोन अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, कार्यकारिणी जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मतदान दलों की ट्रेनिंग देखने पहुंचे सीईओ और डीडीईओ

हरिभूमि न्यूज ▸▸। बालोद





जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित मतदान दल के अधिकारी–कर्मचारियों के प्रशिक्षण का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारी–कर्मचारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

डॉ. संजय कन्नौजे ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कचांदुर प्रशिक्षण केंद्र तथा डौण्डीलोहारा प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईव्हीएम के सफल संचालन हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारी–कर्मचारियों को ईव्हीएम का हैंड्स ऑन भी कराया। इसके अलावा उन्होंने 26 अप्रैल को मतदान दिवस में ईव्हीएम में समस्या आने पर उसके निराकरण के उपायों के संबंध में भी मतदान दल के अधिकारी–कर्मचारियों को जानकारी दी।




# प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में 6 बच्चों ने मारी बाजी




**अंडा।** दुर्ग जिला के विकासखण्ड दुर्ग संकुल निकुम के ग्रामीण क्षेत्र से इस वर्ष भी राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 24 में 6 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय निकुम से चार विद्यार्थी दामेंद्र कुमार साहू, साहिल कुमार देशमुख, दामिनी साहू, तारिणी यादव व शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय जीडी नगर निकुम से आयुष कुमार, कुमारी मानसी सफल हुए। इस सफलता का श्रेय जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दुर्ग गोविंद साव, संकुल प्राचार्य एके पांडेय, संकुल समन्वय संजय चंद्राकर, प्रधान पाठिका रीना भट्टाचार्य, पूर्णिमा चंद्राकर प्रधान पाठक जीडी नगर निकुम के मार्गदर्शन में बच्चों को सफलता मिली। इस सफलता में टीपी देशमुख शिक्षक का विशेष योगदान रहा। सत्र 2011-12 से शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय निकुम से विद्यार्थी राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित होते रहे हैं। सफलता पर जिला नोडल शिक्षक पवन साहू का एक दिवसीय कार्यशाला विषय परीक्षा की तैयारी जिसमें बच्चों को मोटिवेट कर डाउट क्लियर किया गया था।

